प्रेषक,

अतिमहत्तवपूर्ण/समयबद्ध

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर-प्रदेश, लखनऊ|

सेवा मे,

समस्त प्रधानाचार्य,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाए|

विषय: विषम सेमेस्टर परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा (केवल विषम सेमेस्टर)/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मार्च-2021 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र यूराइज़ (URISE) पोर्टल के माध्यम से भराए जाने के संबंध मे|

पत्रांक: प्राशिप/अनु० 6 /2020/ 17059 **दिनांक:** 20.2.2020

महोदय,

कृपया अवगत कराना हैं कि अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर-प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या: 1538971/2021 प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 01 फरवरी, 2021 के अनुपालन में विषम सेमेस्टर परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा(केवल विषम सेमेस्टर)/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मार्च-2021 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र यूराइज़ पोर्टल के माध्यम से भराए जाने हेतु पोर्टल **दिनांक: 20.02.2021 से दिनांक: 26.02.2021** तक खोला जा रहा हैं|

परीक्षा आवेदन पत्र भराए जाने हेतु निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए समयान्तर्गत अपनी संस्था में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र भराया जाना सुनिश्चित करें:-

1. सर्वप्रथम समस्त संस्था एवं छात्र/छात्रा को यूराइज़ पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य हैं, अतः जिस भी संस्था अथवा छात्र/छात्रा ने पंजीकरण नहीं कराया हैं, वो अपना पंजीकरण यूराइज़ पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करेंगे|
2. इसके उपरान्त संस्था लॉगिन **(SU LOGIN)** मे प्रदर्शित **EXAMINATION** लिंक पर क्लिक करने पर **ELECTIVE SUBJECT** का विवरण भरना होगा|
3. यूराइज़ पोर्टल पर प्रत्येक छात्र/छात्रा के लॉगिन मे **EXAMINATION** लिंक के अंदर **FILL EXAMINATION FORM** का लिंक प्रदर्शित होगा जिस पर क्लिक करने के पश्चात छात्र/छात्रा का विवरण प्रदर्शित होगा जिसपे छात्र/छात्राओं को स्वयं की स्पष्ट **PHOTO** और **SIGNATURE** अपलोड करते हुए **SUBMIT** बटन पर क्लिक करने पर फॉर्म भरा जाएगा |
4. संस्था प्रधानचार्य सभी छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुये यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित परीक्षा फार्म पर अपलोड की गयी फोटो संबंधित छात्र/छात्रा की ही हो, भविष्य मे किसी भी छात्र/छात्रा की फोटो मे कोई भी संशोधन नहीं किया जाएगा |
5. छात्र/छात्रा द्वारा फॉर्म सबमिट करने के पश्चात फॉर्म इंस्टिट्यूट लॉगिन **(SU LOGIN)** मे प्रदर्शित **EXAMINATION** लिंक के अंदर **EXAM FORM LIST** होगा| **EXAM FORM LIST** पर क्लिक करने के पश्चात सभी छात्र/छात्राओं द्वारा भरे गए फॉर्म की लिस्ट प्रदर्शित होगी जिसे संस्था द्वारा **VIEW** एवं **VERIFY** करने का लिंक होगा जिसे संबंधित संस्था द्वारा **VERIFY** करना होगा| फॉर्म **VERIFY** होने के पश्चात छात्र/छात्रा अथवा संस्था द्वारा फॉर्म प्रिन्ट किया जा सकता हैं|

Scanned with CamScanner

6. फॉर्म प्रिन्ट करने के पश्चात संबंधित छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर कराते हुए संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित करते हुए हार्ड कॉपी परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से जमा करते हुए चालान की मूल प्रति परिषद कार्यालय मे **दिनांक: 05.03.2021** तक जमा कराना सुनिश्चित करेंगे|
7. यदि किसी भी छात्र/छात्रा के परीक्षा फॉर्म मे यदि कोई बैक पेपर प्रदर्शित नहीं हो रहा हैं अथवा कोई अतिरिक्त बैक पेपर प्रदर्शित हो रहा हैं तो उससे संबंधित समस्त अभिलेख समस्त साक्ष्यों सहित अनुभाग 3 की ईमेल आई० डी० bteanu3@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से समयान्तर्गत सूचित करना सुनिश्चित करेंगे | परिषद की अन्य किसी ईमेल पर प्रेषित आवेदनो पर विचार नहीं किया जाएगा |
8. परीक्षा आवेदन पत्र भराने हेतु पोर्टल किसी भी दशा मे दुबारा नहीं खोला जाएगा यदि किसी भी संस्था मे कोई छात्र/छात्रा फॉर्म भरने से वंचित रह जाता हैं तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रधानचार्य की होगी|

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता हैं कि उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए समयान्तर्गत अपनी संस्था मे अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म यूराइज़ पोर्टल के माध्यम से भराना सुनिश्चित करें |

भवदीय

(अभिमन्यु प्रसाद)
सहायक प्राचार्य
कृते सचिव

पृ० सं०: प्राशिप/अनु० 6 /2020/ 7060 - 7064

दिनांक:- 20.02.2020

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर-प्रदेश लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ|
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर-प्रदेश, कानपुर |
3. संयुक्त निदेशक, पश्चिमी क्षेत्र, मेरठ/मध्य क्षेत्र, लखनऊ/बुन्देलखण्ड क्षेत्र, झांसी/पूर्वी क्षेत्र वाराणसी को इस अनुरोध के साथ कि आप अपने स्तर से भी अपने क्षेत्रांतर्गत समस्त संस्थाओं को समयान्तर्गत परीक्षा फॉर्म यूराइज़ पोर्टल के माध्यम से भरवाए जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें|
4. श्री संजय सक्सेना, कंप्युटर अनुभाग प्रभारी को उक्त सूचना वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु |
5. श्री नीरज कुमार, नोडल अधिकारी, URISE को उपरोकतानुसार परीक्षा फॉर्म यूराइज़ पोर्टल के माध्यम से भरवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु|

(अभिमन्यु प्रसाद)
सहायक प्राचार्य
कृते सचिव

Scanned with CamScanner